हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 19 अप्रैल 2025



## खबर संक्षेप

### तापमान में वृद्धि

**राजनांदगांव।** विगत दो-तीन दिनों से बदली, बूंदाबांदी के बाद अब अचानक तापमान में वृद्धि होने से गर्मी का अहसास होने लगा है। दोपहर की धूप जहां चिलचिलाने लगी है। वहीं सुबह से देर रात तक भभकती गर्मी से लोग हलाकान होने लगे हैं। शुक्रवार को तापमान लगभग 32 डिग्री रहा। इधर बढ़ते गर्मी के साथ लोग घर, दफ्तर, दुकानों में कूलर, एसी का उपयोग शुरू कर चुके हैं। दोपहर के समय घर से बाहर निकलते वक्त धूप व गर्मी से बचने गमछा, चश्मा, टोपी का उपयोग किया जा रहा है। गर्मी से राहत पाने शाम से देर शाम तक लोग खुले स्थानों पर टहलते देखे जाने लगे हैं। शहर के रानीसागर, बूढ़ासागर, चौपाटी के पास शाम से लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है।

# ढक्कन, स्टीकर और बाटल उपलब्ध कराने वाले पकड़ाए, जिसने कई कंटेनर शराब भेजी उस ठेकेदार पर अभी तक कार्रवाई नहीं

## छग में अवैध शराब का बड़ा नेटवर्क, मुख्य सरगना तक नहीं पहुंच पा रही पुलिस


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ शहर के करवारी स्थित फार्म हाउस में शराब की अवैध बॉटलिंग मामले में पुलिस की पिछले 20 दिन से कार्रवाई जारी है। फ़ार्म मालिक से लेकर अवैध बॉटलिंग के लिए ढक्कन, स्टीकर और बॉटल उपलब्ध कराने वाले सहित डेढ़ दर्जन लोगों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है, लेकिन अब तक उस ठेकेदार पर पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया है, जिसने इस खेल के लिए शराब उपलब्ध कराई थी।

बड़ी बात यह है कि पुलिस को यह पता है कि शराब कहां और किस ठेकेदार के जरिये आई थी। इसके बाद भी उसे आरोपी ना बनाकर कार्रवाई से दूर रखना पुलिस पर ही सवाल खड़े कर रहा है। उल्लेखनीय है कि डोंगरगढ़ शहर से महज पांच किलोमीटर दूर शराब की अवैध बॉटलिंग की जा रही थी। 29 मार्च को पुलिस की टीम ने छापमार कार्रवाई करते इस पूरे मामले का खुलासा किया था, तब उस फार्म हाउस से लगभग 27 लाख कीमती 432 पेटी शराब जब्त की गई थी। इस मामले में शुरूआती पूछताछ में कई नाम सामने आए, जिस आधार पर जांच आगे बढ़ाकर आरोपियों की गिरफ्तारी शुरू हुई। अब तक लगभग 16 लोगों को इस मामले के तहत जेल भेजा जा चुका है, परंतु मजेदार बात यह है कि इनमें शराब उपलब्ध कराने वाला ठेकेदार का नाम शामिल नहीं है।

### दिल्ली से स्टीकर, इंदौर से आई शराब

इस मामले में पुलिस ने पहले गोंदिया के उस ब्रोकर को पकड़ा था, जो आरोपियों को ढक्कन उपलब्ध करता था। इसके बाद ढक्कन बनाने वाला फैक्ट्री संचालक दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। दिल्ली से जहां ढक्कन आ रहा था। वहीं शराब की खेप इंदौर से आई थी। हालांकि इंदौर से शराब भेजने वाले ठेकेदार को अब तक गिरफ्तार नहीं किया जा सका है।



### ठेकेदार बनेगा आरोपी

एक जानकार सूत्र की माने तो शराब ठेकेदार की मिलीभगत के बिना यह पूरा खेल हो ही नहीं सकता। उन्होंने बताया कि डिस्टलरी में शराब बनने के बाद उसकी गोदाम में बॉटलिंग होती है। यहां से शराब ठेकेदार को दी जाती है, जो अपनी दुकानों के जरिये इन्हें बेचता है, लेकिन इस मामले में ठेकेदार ने गोदाम से शराब लेने के बाद उसे सीधे इन अवैध बॉटलिंग करने वाले आरोपियों को उपलब्ध करा दी। यही कारण है कि शराब ठेकेदार को भी आरोपी बनाकर गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

### कैसे पहुंची करोड़ों रुपए की शराब

पुलिस की जांच पड़ताल में यह खुलासा हो गया है कि बार्डर क्रॉस कर छत्तीसगढ़ में करीब 50 कंटेनर शराब यहां पहुंचाई गई है। जिसमें बस्तर से भी करीब 30 कंटेनर शराब पहुंची है। आबकारी विभाग द्वारा बार्डर पर नाकेबंदी और जांच पड़ताल के दावे किए जाते हैं, लेकिन हर दिन कंटेनर से शराब पहुंच रही है और आबकारी अमला हाथ में हाथ धरे बैठा हुआ है। इस मामले में आबकारी महकमे की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

## मांग पर बनी सहमति, अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त

# एक महीने की हड़ताल के बाद काम पर लौटेंगे पंचायत सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बीते 17 मार्च से शासकीयकरण की अपनी एक सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे पंचायत सचिवों ने प्रदेश सरकार से आश्वासन मिलने के बाद अपनी हड़ताल समाप्त कर दी है।

प्रदेश सरकार से घोषणा पत्र में किए गए वादे को पूरा करने के लिए पंचायत सचिवों द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल किया गया था। वहीं इस बीच प्रदेश सरकार से बातचीत का दौर भी जारी था। पंचायत सचिवों के प्रतिनिधि मंडल ने उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री विजय शर्मा से अपनी मांग को लेकर सकारात्मक चर्चा की। जिसमें पंचायत सचिवों की मांगों पर सहमति बनी और प्रदेशभर में पंचायत सचिवों ने अपने अनिश्चितकालीन हड़ताल को समाप्त कर दिया है।



### समीक्षा बैठक में उपस्थिति

इधर सचिव संघ के हड़ताल समाप्त होने के बाद जिला पंचायत सीईओ ने 19 अप्रैल को सभी सचिवों की जनपद पंचायत में समीक्षा बैठक लेकर उपस्थित होने के संबंध में जिले के सभी जनपद सीईओ को निर्देश जारी किया है।

### ठप पड़ा था कामकाज

सचिवों के हड़ताल के चलते पंचायत के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को गांव के विकास कार्यों में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। वहीं पंचायत का कामकाज ठप हो गया था। अब हड़ताल समाप्त होने के बाद पंचायत के कामों में तेजी आने की उम्मीद है।

### मांग पर आश्वासन

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा गठित कमेटी जनवरी 2026 तक अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी और इसके बाद शासकीयकरण किया जाएगा। शासकीयकरण करने से पहले पूर्व में जारी आदेश में निर्देशित चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति हेतु अलग से मार्गदर्शिका जारी की जाएगी। वर्तमान में 15 वर्ष सेवा पूर्ण करने पर हो रहे वेतन सत्यापन विसंगति का सुधार किया जाएगा। आंदोलन अवधि के वेतन की स्वीकृति तत्काल प्रदान किए जाने को लेकर सहमति बनी है।

### तेजी लाने कार्ययोजना

वर्तमान में शासन की महत्पूर्ण योजना सुशासन तिहार-2025 एवं अन्य योजना से संबंधित कार्यों का संचालन ग्रामीण स्तर पर हो रहा है, जिसे लेकर सभी सचिवों की आवश्यक बैठक कर कार्यों में तेजी लाने की दिशा में कार्ययोजगा बनाई जाएगी।

### रूके कार्यों को पूरा करने का दायित्व

पंचायत सचिवों के हड़ताल से लौटने के बाद उन्हें सुशासन तिहार, जीपीडीपी का निर्माण, आवास सर्वे का कार्य, ग्राम पंचायत की बैठक, ग्रामसभा की बैठक, 31 मार्च की स्थिति में रोकड़ बही को बंद का प्रिया सॉप्ट में एंट्री कराना, ग्राम पंचायत पर चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा एवं अन्य कार्यों को समय पर पूरा करने का दायित्व सौंपा जाएगा।

# युवा मोर्चा ने कांग्रेस का किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस द्वारा केंद्र की मोदी सरकार पर एजेंसियों के दुरूपयोग और कांग्रेस को दबाने का आरोप लगाते कांग्रेस के लोगों ने प्रदर्शन किया था। जिसके बाद कांग्रेस के खिलाफ भाजपा युवा मोर्चा ने प्रदर्शन करते कांग्रेस का पुतला जलाया है।

एड द्वारा कांग्रेस नेता सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी सहित अन्य लोगों को नेशनल हेराल्ड मामले में आरोप पत्र दाखिल किए जाने को लेकर कांग्रेस नेताओं ने केंद्र के मोदी सरकार को गिरते हुए प्रदर्शन किया था। वहीं अब भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा कांग्रेस का पुतला जलाकर कांग्रेस के आरोपों के खिलाफ प्रदर्शन किया।



### पुलिस ने बुझाई आग

इधर युवा मोर्चा द्वारा प्रदर्शन को लेकर पुलिस बल तैनात किया गया था। युवा मोर्चा द्वारा पुतला दहन पश्चात पुलिस जवानों ने फायर फाईटर सिलेन्डर से पुतले की आग बुझाई।

### कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

कांग्रेस के खिलाफ भाजपा युवा मोर्चा के प्रदर्शन के दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह, सुमीत सिंह भाटिया, प्रखर श्रीवास्तव, कमलेश सूर्यवंशी, सज्जन सिंह सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### झूठ बोल रही कांग्रेस

पुतला दहन के आयोजन को लेकर भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेताओं और कुछ पत्रकारों पर जो जांच चल रही है, उसको लेकर कांग्रेस के लोग जांच एजेंसियों का दुरूपयोग करने केंद्र की भाजपा सरकार पर आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शन के माध्यम से हम बताना चाहते हैं कि यह जांच यूपीए सरकार के समय वर्ष 2012 में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा दायर केस पर कोर्ट के आदेश से शुरू हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झूठ बोलकर प्रदर्शन कर रही है, तो इसके विरोध में हम प्रदर्शन कर रहे हैं।

### कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी

शहर के महावीर चौक पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी एवं कांग्रेस पार्टी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते कांग्रेस पार्टी का पुतला दहन किया।




### अवतरण दिवस पर संकीर्तन यात्रा व भंडारा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्री योग वेदांत सेवा समिति राजनांदगांव द्वारा कल 19 अप्रैल को संतश्री आशारामजी बापू का 89वां अवतरण दिवस अर्थात जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

मोहारा स्थित संत आशारामजी आश्रम में सुबह 10 बजे से सत्संग, भजन, कीर्तन, पाठ, हवन एवं भोजन भंडारा किए जाएंगे। तत्पश्चात दोपहर 3 बजे आश्रम से हरिनाम कीर्तन यात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुरूनानक चौक पर समापन होगी।

संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि बापूजी के अवतरण दिवस के पहले सप्ताह को सेवा सप्ताह के रूप में मनाते हैं। अलग-अलग क्षेत्रों में विभिन्न सेवा कार्य किए जाते हैं। जैसे डोंगरगढ़, डोंगरगांव, चौकी, छुरिया, खैरागढ़ में भव्य रूप से छाछ एवं शरबत वितरण किया गया। इसी तरह मोहला व गंडई में गरीबों को वस्त्र व चप्पल वितरण कर दरिद्रनारायणो की सेवा की गई।

श्री योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष रोहित चंद्राकर, कोषाध्यक्ष टीके चंद्राकर, उपाध्यक्ष संतोष पिल्ले व दिलीप सिन्हा ने अवतरण दिवस पर होने वाले इस आयोजन के लिए जिले के समस्त साधकों को सपरिवार उपस्थित होने अपील किया है।

इस आयोजन की तैयारी में श्री योग वेदांत सेवा समिति डोंगरगढ़, डोंगरगांव, छुरिया, मोहला, चौकी, खैरागढ़, गंडई के पदाधिकारी व साधक लगे हुए हैं।

# आरक्षक से मारपीट, फरार आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

आरक्षक से गाली-गलौज कर मारपीट किए जाने के मामले पर पुलिस ने सरगर्मी से आरोपियों की पतासाजी कर दुर्ग से गिरफ्तार किया है।

सूत्रों के अनुसार खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 18 मार्च को प्रार्थी आरक्षक मुकेश कुमार ध्रुव ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि सांई मंदिर के पास दो मोटर साइकिल में सवार व्यक्तियो एवं एक स्कूटी में सवार महिला व अन्य व्यक्ति द्वारा प्रार्थी से अश्लील गाली-गलौज एवं मारपीट कर वीडियो बनाए जाने की सूचना पर थाना खैरागढ़ में धारा 296, 126(2), 121 (1), 3(5) बीएनएस एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना के बाद से उक्त आरोपी फरार चल रहे थे। जिनकी पुलिस को तलाश थी।



### पुलिस ने की कार्रवाई

इसी क्रम में 16 अप्रैल को मुखबीर से सूचना मिली कि फरार आरोपी पदनाभपुर जिला दुर्ग में पुलिस के डर से छिपे हुए हैं, जिस पर पुलिस टीम तैयार कर तत्काल दुर्ग की ओर रवाना किया गया, जहां आरोपियों को घेराबंदी का गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए हुए आरोपियों ने अपना नाम शुभम मिश्रा 29 साल साकिन आनंद विहार फेस-1 बोरसी, आरती उर्फ दीपिका मिश्रा 27 साल साकिन आनंद विहार फेस-1 बोरसी एवं विशाल राजपूत 24 साल साकिन गायत्री मंदिर वार्ड नं 7 डिपरापारा थाना छुईखदान का होना बताए। आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय के आदेशानुसार आरोपियों को ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया।



## खबर संक्षेप

### जिपं सभापति ने किया आवास सर्वे

**डोंगरगांव।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण पखवाड़ा के तहत 18 अप्रैल को जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु ने ग्राम पंचायत माथलडबरी की मंजूषा केंवट पति जोगीराम केंवट का आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण किया।



सर्वेक्षण के दौरान सरपंच, पंच, रोजगार सहायिका आदि मौजूद थे।

### पात्र का सर्वे करने का आह्वान

**छुरिया।** जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने मोर दुआर- साय सरकार अभियान के तहत आवास सर्वेक्षण को शत-प्रतिशत पूर्ण करने का आव्हान किया है। उन्होंने बताया कि महाअभियान के तहत 30 अप्रैल तक विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा का आयोजन किया गया है। इस अवधि में सर्वे एवं पात्र परिवारों का चिन्हांकन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र परिवार सर्वे से वंचित न हो। उन्होंने ग्रामीणों से सर्वे के लिए रोजगार सहायक एवं आवास मित्र से संपर्क करने कहा है।



### कर्मा जयंती समारोह 20 को

**पटेवा।** ग्राम केकराजबोड़ में आगामी 20 अप्रैल को परिक्षेत्र स्तरीय भक्तकर्मा माता जयंती महोत्सव का आयोजन परिक्षेत्रीय साहू समाज करमतरा एवं ग्राम इकाई केकराजबोड़ के तत्वावधान में किया गया है। अतिथि के रुप में विधायक यशोदा वर्मा, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिपं सदस्य सुश्री शताक्षी सिंह उपस्थित रहेंगी। अध्यक्षता गिरधारी लाल साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रुप में कोमल जंघेल, टीलेश्वर साहू, घम्मन साहू, सौरभ साहू, दशरथ बघेल मौजूद रहेंगे। इस मौके पर कवि जीवन यदु राही, दूजराम साहू, पद्मा साहू प्रस्तुति देंगी। कार्यक्रम के तहत सुबह 10 बजे कलश यात्रा, एक बजे भक्त मां कर्मा की पूजा एवं ध्वजारोहण, 2 बजे अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन पश्चात महाप्रसादी एवं भोजन भंडारा होगा।



### कल्लूबंजारी में सहकारी बैंक की मांग

**छुरिया।** कल्लूबंजारी के ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों की जरूरत को देखते हुए वन एवं सिंचाई मंत्री केदार कश्यप से मुलाकात कर लोगों ने अपनी परेशानियों से अवगत कराते हुए कल्लूबंजारी में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के शाखा खोलने की मांग किया। जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने बताया कि बैंक शाखा खुलने से 35 गांवों के किसानों एवं खाताधारकों को लाभ मिलेगा। मंत्री ने जल्द शाखा खोलने का आश्वासन दिया। इस दौरान जगजीत सिंह भाटिया, आत्माराम चंद्रवंशी,राजेश्वर ध्रुवे मौजूद थे।



### मृत्यु दर कम करना जरूरी

**जालबांधा।** नवीन शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन और संजय देवांगन के निर्देशन में विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ गुप्ता ने इस मौके पर कहा कि स्वास्थ्य दिवस मनाने का उद्देश्य सभी को स्वस्थ्य के प्रति जागरूक करना है। सहायक प्राध्यापक श्री देवांगन ने बताया कि गर्भवती महिलाएं प्रसव के समय, नवजात शिशु अपने पहले ही महिने में प्राण गंवा देते है। मातृ और शिशु की मृत्यु दर में रोकथाम के लिए स्वास्थ्य सेवाओं पर बेहतर काम करना चाहिए। संचालन मोनिका सिन्हा ने किया। इस दौरान डॉ. नवीनसिंह राजपूत, डॉ कमलेश चेलक, महेश साहू, रविप्रकाश चतुर्वेदी, रितेश बंजारे, पूजा देवांगन, मासूम वर्मा, अंजली रामटेक्कर, नेमू साहू, हिरेन्द्र साहू आदि उपस्थित थे।



### मनोरंजन के लिए रेडियो का वितरण

**छुईखदान।** आईटीबीपी के कमाडेंट तेजभान सिंह के निर्देश एवं द्वितीय कमान विनोद कुमार के मार्गदर्शन में 18 अप्रैल को भावे, जुरलाखार, धोदरादेही, कोहाबेहरा में सिविक एक्शन प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को डॉअमित पाण्डेय, डॉ रोहित तिवारी ने ट्रांजिस्टर बांटे। इस दौरान डॉ पाण्डेय एवं डॉ तिवारी ने ग्रामीणों को शराब एवं नशीली पदार्थों के सेवन से होने वाले गंभीर परिणामों से अवगत कराते हुए दूर रहने जागरूक किया। इंस्पेक्टर प्रवीणसिंह एवं मनोहरसिंह ने वृक्षों की महत्ता बताया। उन्होंने जंगलों की कटाई को रोकने की अपील की। इस दौरान फागुनीबाई, सिसराम, सरपंच प्रीतम के अलावा पंकज राठौर, मन्नू सरोज आदि मौजूद थे।




### आदर्श विवाह समारोह 20 को

**डोंगरगांव।** कोसरिया मरार समाज ने सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन आगामी 20 अप्रैल को निकटवर्ती ग्राम बगदई में किया है। यह आयोजन कोसरिया मरार पटेल समाज अंबागढ़ चौकी राज के तत्वावधान में रखा गया है। आयोजन संबंधी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। जानकारी के अनुसार इस आयोजन 14 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेगे। इस मौके पर समाज के उन प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान किया जाएगा जिन्होंने 10 वीं, 12वीं, स्नातक एवं स्नातकोत्तर में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। बच्चों को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं नगद राशि से सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी देशन पटेल ने दी।

### शपथ समारोह में शामिल हुए भाजपाई

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पांडेय ने 14 अप्रैल को पदभार ग्रहण किया। इस दौरान राष्ट्रीय बांस मिशन अंतर्गत हितग्राहियों को टूल किट का वितरण मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में किया गया। इस कार्यक्रम में मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी प्रकाश बिंदल, विजेंद्र ठाकुर, संतोष राव संतु, प्रिंस कक्कड ने शामिल होकर माता का चित्र एवं चुनरी पहनाकर स्वागत किया।




## रामपुर में हुआ प्रेरक आयोजन

# नीर-नारी संरक्षण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

दिनों दिन गँभीर होते जल संकट के बीच जल संरक्षण के लिए रामपुर में नीर और नारी संरक्षण अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान सांसद संतोष पांडेय ने बताया कि ब्लाक में भी भूमिगत जल स्तर लगातार गिर रहा है। जल संरक्षण के लिए सभी को एकजुट होकर काम करना होगा।

जल संरक्षण अभियान अंतर्गत पद्मश्री फुलबासन यादव के नेतृत्व और जनपद उपाध्यक्ष मनीष साहू, सरपंच यतीश सिन्हा के सहयोग एवं जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह एवं जनपद सीईओ अमिय श्रीवास्तव के मार्गदर्शन से लोगों को जागरूक करने कलश यात्रा निकाली गई। इस मौके पर आयोजित सभा में श्रीमती यादव ने कहा कि आज हर परिवार और महिलाओं को संगठित होने की आवश्यकता है क्योंकि नारी ही नारायणी है। उसमें ही प्रकृति के संचालन की शक्ति समाहित है। उन्होंने कहा कि नारी को अपनी शक्ति को पहचान कर परिवार, समाज को सुशिक्षित, सुसंस्कारित करने की दिशा में कार्य करना चाहिए।






### बचाने का लिया संकल्प

रामपुर में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों ने नीर और नारी संरक्षण की शपथ लिया। इस आयोजन में प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय, खूबचंद पारख, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, जिला महामंत्री सौरभ कोठारी, रविन्द्र वैष्णव, जिला पंचायत सभापति जागृति यद्दु, डॉ नीरेंद्र साहू, रामकुमार गुप्ता, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, जनपद सदस्य रेशमा साहू, उमेश साहू, गेंदाबाई, ममता पटेल, जया साहू, दीपक पटेल, मंडल भाजपा अध्यक्ष भुवन साहू, दीना पटेल, राजू यादव आदि बड़ी संख्या में शामिल हुए।



## लोगों को अब समस्या हल होने का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- सुशासन तिहार में बड़ी संख्या में लोगों ने दिए आवेदन
- ऑनलाइन एंट्री का कार्य जारी

जनता की मांग को पूरा और समस्याओं को दूर करने के लिए राज्य सरकार ने अपने वादे के अनुसार बीते दिनों सुशासन तिहार के आयोजन की पहल किया था। आयोजन के तहत शहर और गांव के लोगों से मांग, शिकायत के आवेदन तीन दिनों तक लिए गए। नगर में स्थानीय प्रशासन ने 8 से 11 अप्रैल चले शिविर लगाकर आवेदन लिया है। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब लोगों को निराकरण होने का इंतजार है। जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत एवं नगर पालिका ने आवेदनों के निराकरण के लिए गंभीरता से तैयारी शुरू कर दिया है। हालांकि अभी आवेदनों को आनलाईन एंट्री किया जा रहा है। सीएमओ सीके शर्मा ने बताया कि प्राप्त आवेदनों को उच्च कार्यालय भेजने साथ ही जिला प्रशासन को विस्तृत ब्यौरा भेज दिया गया है।

## हड़ताल समाप्त, सचिव आज लौटेंगे पंचायतों में

- लोगों ने ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

सचिवों की हड़ताल स्थगित होने के बाद पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने राहत की सांस लिया है। पंचायत प्रतिनिधियों के शपथ ग्रहण और उपसरपंच चुनाव के बाद से पंचायतों के सचिव शासकीयकरण की मांग को लेकर आंदोलन पर चले गए थे। लगभग एक माह तक आंदोलन के बाद गुरूवार को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के आश्वासन पर सचिवों ने हड़ताल स्थगित कर दिया है। सभी सचिव कल शनिवार से पंचायत मुख्यालय में उपस्थिति दर्ज कराएंगे। उल्लेखनीय है कि सचिवों के हड़ताल पर चले जाने विकास बाधित हो रहा था साथ ही ग्रामीणों को परेशानी हो रही थी। राशन कार्ड, पेंशन, निर्माण आदि काम थम गए थे। अधिकांश गांव में जल संकट बना हुआ है। पंचायत प्रतिनिधि वित्तीय प्रभार नहीं होने से समस्या हल नहीं कर पा रहे थे।

## मॉक टेस्ट में उत्साह से शामिल हुए बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

निःशुल्क नवोदय- प्रयास तैयारी केन्द्र गंडई के तत्वावधान में पीएमश्री आत्मानंद स्कूल में प्रयास प्रवेश परीक्षा के लिए मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। मॉक टेस्ट को लेकर बच्चों और अभिभावकों में उत्साह देखने मिला। परीक्षा पूर्व तैयारी के उद्देश्य से आयोजित मॉक टेस्ट का आयोजन बीईओ रमेन्द्र डड़सेना और नवोदय-प्रयास प्रभारी पितांबर सिंह राजपूत के सहयोग किया गया।

उल्लेखनीय है कि नवीन पूर्व माध्यमिक शाला गंडई में कक्षा 5वीं एवं 8वीं के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क कोचिंग व्यवस्था किया गया। कोचिंग सेंटर में संयोजक कौशल सिंह राजपूत, सह संयोजक राजेश श्रीवास्तव, शिक्षक भागचंद साहू, उज्जवल नामदेव, महेश वर्मा, खेमशंकर साहू, दीपक मिश्रा, पूर्णेश वैष्णव, नंदकुमार जंघेल, खेमलाल जंघेल, शेख कलीम खान, वीरेन्द्र वर्मा एवं टार्जन कुमार ने प्रतिदिन योजना बनाकर अपनी सेवाएं दी। बच्चों को प्रेरित करने के लिए साप्ताहिक और मासिक टेस्ट आयोजित किए गए, जिसमें विशेष स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कोचिंग कक्षा में बच्चों की कमजोरियों को दूर करने और विषय वस्तु की समझ विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया गया।



### प्रवेश परीक्षा 20 को

जानकारी के अनुसार प्रयास प्रवेश परीक्षा का आयोजन छत्तीसगढ़ में आगामी 20 अप्रैल को होने वाली है। पीएमश्री आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य पवन कुमार ददरिया, यंत्री पड़वार, कौशल सिंह राजपूत और राजेश कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में अंतिम मॉक टेस्ट आयोजित किया गया था। मॉक टेस्ट के आयोजन में कौशलसिंह राजपूत, राजेश श्रीवास्तव, भागचंद साहू, उज्जवल नामदेव, चेतराम वर्मा, महेश वर्मा, मायाराम राठौर, कौशल श्रीवास्तव, खेमशंकर साहू, नंदकुमार जंघेल, टार्जन कुमार, वीरेंद्र वर्मा, लोमश पटेल एवं भूपेंद्र कुमार सहित अन्य शिक्षकों ने सहयोग दिया।

## पशुओं की प्यास बुझाने दिया कोटना

**जेवरतला रोड।** गर्मी के दिनों में गौ माता की प्यास बुझाने के लिए गौ चिंतक चन्दकिशोर साहू ने 5 नग कोटना दान में दिया है। गौ सेवकों ने इन कोटनों को ऐसे स्थान पर रखा जहां पानी की व्यवस्था हो सके। गौ सेवकों ने लोगों से घरों के सामने एक बाल्टी जरूर रखने का आव्हान किया है।



## जन प्रतिनिधियों से वन अधिकार के मुद्दों पर चर्चा



**बांधाबाजार।** सृष्टि संस्था के कार्यकर्ताओं ने वन अधिकार अधिनियम के संवैधानिक प्रावधान को लेकर जन प्रतिनिधि से मुलाकात किया है। कार्यकर्ताओं ने वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन में आ रही दिक्कतों से विधायक इंद्रशाह मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रतासिंह, जिला पंचायत सदस्य सविता सोरी, जनपद अध्यक्ष गैंदकुंवर ठाकुर को अवगत कराया। कार्यकर्ताओं ने जन प्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपा। संस्था के कलस्टर समन्वयक जयदेव मोहुर्ले ने जिला प्रशासन से मिल रहे सहयोग असहयोग मिल का जिक्र किया। इस दौरान परियोजना कलस्टर समन्वयक जयदेव मोहुर्ले, अर्जुन कुमेटी, गजाराम धुर्वे, सरिता कोरेटी मौजूद थी।

## श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई अंबेडकर जयंती

# शोभायात्रा में जमकर थिरके युवा







हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

स्थानीय बौद्ध समाज के लोगों ने शिक्षित बनो, संगठित रहो के नारे के साथ भीमराव अम्बेडर की जयंती के मौके पर उन्हे नमन कर विशाल शोभायात्रा निकाला। भगवान बुद्ध, बाबा साहब की प्रतिमा और झांकी के साथ भंते को रथ पर बैठाकर शोभायात्रा निकाली गई थी। शोभायात्रा में शहर के अलावा आसपास गांव के अनुयायी शामिल हुए। भीम गीतों पर थिरकते युवाओं की टीम के साथ रंगबिरंगी लाईटो से सजी झांकी एवं बस्तर की नृत्य करती टीम आकर्षण का केन्द्र रही। कालकापारा बौद्ध बिहार से निकली शोभायात्रा में जयस्तंभ चौक, संजय नगर, भीमनगर, दंतेश्वरी पारा, बुधवारी पारा, रेल्वे कालोनी, इंदिरा नगर सहित अन्य वार्डों के लोग शामिल हुए। शोभायात्रा गोल बाजार, हनुमान भक्त चौक, जैन मंदिर रोड, बुधवारी पारा, गुरूद्वारा चौक, रेल्वे चौक, खंडू पारा होते हुए पुनः जयस्तंभ चौक से अग्रसेन चौक होते हुए बौद्धद बिहार पहुंची। शोभायात्रा में सामाजिक, धार्मिक पदाधिकारी के अलावा भाजपा एवं कांग्रेस के लोग भी शामिल हुए।

### भाजपा ने किया सफाई

शोभायात्रा के नगर भ्रमण के दौरान भाजपा के जनप्रतिनिधियों सहित अन्य ने मुख्य मार्गो की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

इस अभियान में प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती, पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, शहर भाजपा अध्यक्ष जस्मितसिंग बन्नोआना, जैन कुमार मेश्राम, डॉ. राजेश राउतकर, पप्पु नामदेव, सरफराज खान, मुन्नालाल नंदेश्वर, धीरज मेश्राम, नलिनी मेश्राम, संगीता टेम्भुरकर, सुदेष मेश्राम आदि शामिल हुए।

### मेढ़ा में जयंती की धूम

ब्लॉक की ग्राम पंचायत मेंढा में भारत रत्न डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर की जयंती मनाया गया। जयंती कार्यक्रम में जयराम टेम्बुकर, कचरूराम सहारे, देवीप्रसाद धमगाये, जपद सदस्य प्रीति वैष्णव, सरपंच अमिला देवांगन, चंद्रकुमार देवांगन आदि शामिल हुए।

### अंबेडकर विद्यालय में जयंती कार्यक्रम

डॉ. आम्बेडकर विद्यालय में बाबा साहब की 134 वी जंयती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। प्रभारी प्राचार्य सूर्यवन्ता तुर्रे के निर्देशन में छात्र- छात्राओं ने कतारबद्ध होकर रैली जय भीम के नारे लगाते हुए रैली निकालकर तहसील कार्यालय पहुंचे। यहां प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया गया। रैली के विद्यालय वापस पहुंचने पर मुख्य अतिथि सूर्यवन्ता तुर्रे ने भगवान बुद्ध एवं बाबा साहब के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में ए ब्राम्हणकर, एम गजभिये, बी पोद्दार, एस पटेल, टी भावे, डी दुतारा, एच यादव, पी बोम्बर्डे, जे बनाफर, बी इंदुरकर, आर सक्सेना आदि शामिल हुए। शिक्षक अविनाश ब्राम्हणकर ने बिस्कुट वितरित किया। प्रधानपाठक मनोज गजभिये ने बुद्ध वंदना कराया। छात्र- छात्राओं ने गीत, भाषण, कविता, नृत्य प्रस्तुत किया। श्री गजभिये ने बाबा साहब के जीवन पर आधारित कविता प्रस्तुत किया।

## कबीर संत समागम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ग्राम भुरभुसी में सदगुरू कबीर संत समागम समारोह का आयोजन 17 एवं 18 अप्रैल को माता परेटनबाई की स्मृति में किया गया। सतगुरु कबीर सत्संग समिति भुरभुसी, नवयुवक मंडल, आमीन माता महिला मंडल, कबीर पंथ एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में हर वर्ष यह समारोह आयोजित किया जाता है। सद्गुरु के भजन, सत्संग और गुरु महिमा पाठ का श्रवण करने बड़ी संख्या में कबीर पंथ के अनुयायी शामिल होते हैं।

### उमड़ी भक्तों की भीड़

आयोजन के पहले दिन प्रातः 9 बजे गुरु महिमा पाठ किया गया। इसके पश्चात भजन-सत्संग हुआ, जिसमें गुरु गोस्वामी डॉ भानु प्रताप साहब एवं माता सुलक्षणा देवी शामिल हुई। इस दौरान शोभायात्रा निकाली गई। शाम को डॉ भानु प्रताप साहब ने आशिर्वचन दिया। दूसरे दिन प्रातः गुरु महिमा पाठ, भजन एवं सत्संग हुआ। समापन मौके पर सात्विक यज्ञ, आनंदी चौका, आरती और प्रसाद वितरण किया गया। समारोह में बडी संख्या में भक्तों ने शामिल होकर गुरु वचनों का श्रवण किया।



HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


DMart®
Daily Discounts Daily Savings
हॉलिडे की शॉपिंग,
अब बजट में
DMart ready
ग्रोसरी एण्ड डेली एसेंशिअल्स
₹44* सिर्फ लूज़ चीनी 1 किलो
₹59* सिर्फ लूज़ एचएमटी कोलम चावल 1 किलो
₹69* सिर्फ लूज़ बिरयानी चावल 1 किलो
₹32* सिर्फ लूज़ गेहूँ आटा 1 किलो
₹111* सिर्फ लूज़ तूरदाल लातूर 1 किलो
₹109* सिर्फ लूज़ उड़द दाल 1 किलो
₹41* सिर्फ लूज़ रवा 1 किलो
₹51* सिर्फ लूज़ जाड़ा पोहा 1 किलो
₹25* सिर्फ सब्जा 100 ग्राम मूल कीमत ₹39
₹389* सिर्फ स्वाद पिस्ता 400 ग्राम मूल कीमत ₹547
₹389* सिर्फ स्वाद बादाम 500 ग्राम मूल कीमत ₹559
₹89* सिर्फ धनिया 400 ग्राम मूल कीमत ₹141
₹290* सिर्फ जीरा 1 किलो मूल कीमत ₹398
₹85* सिर्फ छोटी राई 1 किलो मूल कीमत ₹118
₹159* सिर्फ लाल मिर्च पाउडर 1 किलो मूल कीमत ₹378
₹199* सिर्फ हल्दी पाउडर 1 किलो मूल कीमत ₹295
₹425* सिर्फ दावत रोज़ाना गोल्ड बासमती चावल 5 किलो मूल कीमत ₹600
₹459* सिर्फ नटराज पिस्ता 400 ग्राम मूल कीमत ₹699
1 खरीदो 1 पाओ मुफ्त पारले हाइड एन्ड सीक 4 फन फ्लेवर्स चोको चिप क्रीम सॅन्डविचेस बिस्किट्स 400 ग्राम मूल कीमत ₹150*
₹79* सिर्फ सनफीस्ट यिप्पी मैजिक मसाला नूडल्स 480 ग्राम मूल कीमत ₹120
₹70* सिर्फ मिरिंडा ऑरेंज बोतल 2 ली मूल कीमत ₹100
₹160* सिर्फ रूह अफ़ज़ा शरबत 750 मि.ली. मूल कीमत ₹180
₹355* सिर्फ ग्लूकॉन-डी इंस्टेंट एनर्जी टैंगी ऑरेंज/निंबू पानी फ्लेवर 1 किलो मूल कीमत ₹415
₹199* सिर्फ टैंग ऑरेंज/मॅंगो इंस्टेंट ड्रिंक मिक्स 750 ग्राम मूल कीमत ₹280
₹160* सिर्फ मालाज़ रोज़ सिरप 1 ली मूल कीमत ₹230
₹88* सिर्फ किसान स्वीट एन्ड स्पाइसी सॉस पाउच 850 ग्राम मूल कीमत ₹140
₹99* सिर्फ पिअर्स प्यूअर एन्ड जेन्टल बॉडी वॉश 250 मि.ली. मूल कीमत ₹140
₹290* सिर्फ लोटस सेफ सन 3-इन-1 SPF 40 100 ग्राम मूल कीमत ₹535
₹125* सिर्फ डर्मी कूल मेंथॉल रेग्युलर प्रिकली हीट पाउडर 150 ग्राम मूल कीमत ₹159
₹172* सिर्फ गोदरेज सिंथॉल लाइम डिओ सोप 4x150 ग्राम मूल कीमत ₹230
होम एण्ड किचन
₹99** सिर्फ येरा ग्लास 210 मिली प्रति पीस 6 पीस सेट मूल कीमत ₹230
₹79** सिर्फ आइस ट्रे XL मूल कीमत ₹90
₹69** सिर्फ कुल्फी मेकर 8 कोन मूल कीमत ₹80
₹1,395** से आगे ब्रांडेड न्यूट्रीब्लेंड जूसर 3 जार
₹129** से आगे पानी का जग
₹199** सिर्फ रतन फ्रॉस्टी बकेट 25 ली मूल कीमत ₹230
₹249** सिर्फ वेलस्पन बाथ टावल 70 सेमी x 140 सेमी मूल कीमत ₹285
₹999** से आगे सीलिंग फ़ैन
ट्रैवल एण्ड स्पोर्ट्स
न्यूनतम 20% छूट मूल कीमत पर ड्रॉइंग का सामान
₹249** से आगे पॉलिमर क्रिकेट बॅट
₹379** सिर्फ फुटबॉल मूल कीमत ₹430
₹21** से आगे प्लास्टिक बोतल
₹149** से आगे स्टील बोतल
₹699** सिर्फ हाइकिंग बैग मूल कीमत ₹995
₹1,999** सिर्फ वीआईपी-एरिस्टोक्रैट फ्रॉक्स ट्रॉली बैग 23 सेमी x 36 सेमी x 55 सेमी मूल कीमत ₹8,440
₹2,750** से आगे वीआईपी इग्निस ट्रॉली बैग 24 सेमी x 39 सेमी x 55 सेमी
अपैरल
₹299** से आगे गर्ल्स फ्रॉक
₹199** से आगे गर्ल्स जीन्स
₹199** से आगे गर्ल्स टॉप
₹79** से आगे बॉइज़ एण्ड गर्ल्स टी शर्ट
₹199** से आगे बॉइज़ शर्ट
₹249** से आगे बॉइज़ जीन्स
फुटवेयर न्यूनतम 7% छूट मूल कीमत पर
Paragon walkmate Bata VKC RELAXO
₹199** से आगे लेडीज़ एथनिक शॉर्ट/लॉन्ग कुर्ती
₹99** से आगे लेडीज़ दुपट्टा/स्टोल
₹199** से आगे लेडीज़ एंकल कॉटन स्ट्रेच लेगिंग्ज़
₹499** से आगे लेडीज़ ड्रेसेस
₹99*# से आगे लेडीज़ कॅज्युअल लोअर
₹99** से आगे लेडीज़ टी शर्ट
₹149** से आगे लेडीज़ टॉप
₹349** से आगे लेडीज़ डेनिम/जेगिंग
₹169** से आगे लेडीज़ लॉन्ग नाइटी
₹199** से आगे लेडीज़ पजामा
₹99** से आगे फैशन कैप
₹99** से आगे मेन्स फैन्सी टी शर्ट
₹199** से आगे मेन्स कॅज्युअल/फॉर्मल शर्ट
₹349** से आगे मेन्स फॉर्मल ट्राउज़र/जीन्स
₹449** से आगे मेन्स कॉटन चीनोज
₹149** से आगे मेन्स फैशन शॉर्ट्स
न्यूनतम 25% छूट मूल कीमत पर सभी ब्रांडेड मेन्स अंडरगारमेंट्स
न्यूनतम 9% छूट
सिटी मॉल, रायपुर : 6262000236 • रिंग रोड, रायपुर : 0771-2262922 • नेशनल हाइवे-6, भिलाई : 9752574902/9752098603
अंबाडी नगर, भिलाई : 6269500098 • पोटियाकला दुर्ग, भिलाई : 9630804906 • राजनांदगांव : 6269500166
**सिर्फ रायपुर और भिलाई में उपलब्ध
उत्पादों के चित्र केवल प्रतिनिधित्व उद्देश्यों के लिए हैं और वास्तविक उत्पादों से भिन्न हो सकते हैं. • उत्पाद की पेशकश स्टाक रहने तक वैध. • ऑफर्स स्थान के अनुसार भिन्न हो सकते हैं.
इस विज्ञापन में दिखाये गये ब्रांड संबंधित ब्रांड के मालिक के स्वामित्व में हैं. •^प्रबंधन के पास अपने विवेक से कीमतों में बदलाव, छूट देने का और उत्पादों को बेचने का अधिकार सुरक्षित हैं. • नियम और शर्तें लागू • *खुदरा बिक्री मूल्य. • # 1 वस्तु
Impulse/04/25

## सार समाचार

### गायत्री विद्यापीठ में सिविल जज दुबे का मार्गदर्शन



**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ में सिविल जज पार्थ दुबे ने मार्गदर्शन दिया। जिसमें बड़ी संख्या में कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थी शामिल थे। शाला की हिन्दी विभागाध्यक्ष उषा झा के अनुसार श्री दुबे द्वारा बच्चों को विभिन्न प्रकार की सुरक्षा संबंधी कानून एवं उनके प्रयोगों की जानकारी दी गई। साथ ही हम किस प्रकार समस्या का समाधान निकाल सकते हैं। किसी प्रकार की समस्या के समाधान हेतु सरकार द्वारा कौन-कौन सी व्यवस्थाएं दी गई है, इसकी विस्तार से व्याख्या की गई। प्रश्नोत्तरी के माध्यम से भी विद्यार्थियों ने समाधान पाया। साथ ही एसआई शारदा बंजारे, कांस्टेबल मीनाक्षी अहीर एवं कौशल्या साहू द्वारा बच्चों को अभिव्यक्ति एप के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। आए दिन बढ़ते अपराधों की रोकथाम हेतु इसका सुरक्षित उपयोग हम कैसे कर सकते हैं? छात्राओं को किसी भी प्रकार की प्रताड़ना से बचने हेतु क्या करना चाहिए, आदि महत्वपूर्ण सुझाव भी प्रयोगों द्वारा दिए गए। इस आयोजन के लिए बृजकिशोर सुरजन, राजेश जैन, संध्यादेवी सिंघल, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, अनिल बाजपेयी, शैलजा नायर, पिंकी खंडेलवाल, रश्मि ठाकुर, वंदना डुंभरे, तरणजीत सिंह टूटेजा समेत शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।

### युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम के लिए सुजल का चयन

**डोंगरगढ़।** इसरो द्वारा आयोजित युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम के लिए डोंगरगढ़ के छात्र सुजल वर्मा का चयन हुआ है। सुजल का चयन होने के बाद शहर भाजयुमो नेताओं ने उनके निवास पहुँच कर बधाई दी। इस दौरान सुजल ने बताया कि इसरो का युविका कार्यक्रम स्कूली बच्चों के लिए है। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी की बुनियादी जानकारी दी जाती है। यह कार्यक्रम अंतरिक्ष के क्षेत्र में रुचि पैदा करने और विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस दौरान भाजयुमो नेताओं ने सांसद संतोष पांडे एवं महापौर मधुसूदन यादव से सुजल की टेलिफोनिक बात कराया। दोनों जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सुजल की उपलब्धि जिले को गौरवांन्वित करने वाली है। सुजल को मोनू भंडारी, श्रेयस, चमन समुद्रे, विकास सहारे, सत्यम स्वामी, तरुण वरकड़े ने बधाई दिया है।

### मंत्री के सुझाव का स्वागत

**डोंगरगढ़।** स्कूली पाठ्यक्रम में सड़क सुरक्षा को जोड़ने के केन्द्रीय सडक



परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी के बयान का विहिप के जिला अध्यक्ष तरूण हत्थेल ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इसे हर हाल में लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि युवाओं को रोड सेफ्टी से जोड़ने का अच्छा प्रयास हो सकता है। उन्होंने डोंगरगढ़- खैरागढ़ रोड में भारी वाहनो के बढते दबाव को कम करने बायपास रोड बनाने की मांग की है।

### राष्ट्रीय पोषण माह पर आयोजन



**जालबांधा।** आंगनबाड़ी केंद्र पवनतरा में राष्ट्रीय पोषण माह मनाया गया। जिसमें गांव के सरपंच राजेन्द्र वर्मा, पंच एवं समूह की महिलाएं उपस्थित थी। इस अवसर पर गोदभराई मोनिका भारती एवं अन्नप्रासन्न ऐनोज कुमार का चमेली, बिजनतीन, सुनीता, परमिला, मोगरा, खुशबु, ललिता, पलक, केशर, मालती, वर्षा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नीता टंडन, बिरझा गायकवाड़, सहायिका मधु वर्मा, प्रेमलता कोसरे एवं बच्चे उपस्थित थे।

## निधन



### नारद जंघेल

**सड़क अतरिया।** सड़क अतरिया निवासी अधिवक्ता नारद जंघेल का गुरूवार को निधन हो गया। वह कुछ दिनों से अस्वस्थ्य थे। शुक्रवार को उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में परिवार एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।



### बलकरण जंघेल

**सड़क अतरिया।** गुमानपुर निवासी बलकरण जंघेल का बुधवार को निधन हो गया। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। वह पंचायत सचिव सागर जंघेल एवं शिक्षक चैनसिंग जंघेल के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा में सागर, चैनसिंग, अलख राम, अमरूद, फत्तेलाल, आशीष, अमित, पंकज, आर्यन, काव्यांश सहित अन्य गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### बजट सहित वार्डों में मूलभूत सुविधाओं के संबंध में की चर्चा

# निगम बजट पर मेयर ने भाजपा और कांग्रेस के पार्षदों से की रायशुमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महापौर मधुसूदन यादव ने शुक्रवार को अपने कक्ष में निगम सीमा क्षेत्र के 51 वार्ड के पार्षदों की अलग-अलग बैठक आहुत कर बजट सहित वार्डों में मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, सफाई के अलावा अन्य कार्यों के संबंध में चर्चा की।

महापौर यादव ने पार्षदो की अलग-अलग बैठक लेकर कहा कि इस माह के अंत में बजट बैठक आहुत किया जाना है। उन्होंने कहा कि सुझावों को बजट में समाहित किया जाएगा। मूलभूत सुविधा व निर्माण तथा अन्य आवश्यक कार्य के लिए बजट में प्रावधान रहता है। इसके अलावा शासन स्वीकृति अनुसार वार्डों में विकास कार्य कराए जाते हैं। बजट में शासन द्वारा शहर के लिए स्वीकृत कार्य तथा शासन घोषणा एवं निकाय घोषणा पत्र के जनहित के कार्य को समाहित किया जाएगा।



#### हैंडपंप मरम्मत, कुंआ सफाई की प्रक्रिया पूर्ण

महापौर यादव ने कहा कि इस वर्ष शिवनाथ नदी में जल स्तर कम होने से पेयजल में कठिनाई आ रही है। समुचित पेयजल सप्लाई के लिए दो दिन में तीन समय पानी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हैंडपंप मरम्मत, कुंआ सफाई आदि के लिए विभागीय प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। शहर के उपयोगी कुंआ, जिसका निस्तारी आदि के लिए उपयोग किया जा रहा है। अपने-अपने वार्ड की सूची दें। जिससे उसकी सफाई कराई जा सके।

#### सफाई नहीं होने की दी जानकारी

पार्षदों ने पेयजल के लिए कम पानी आने, हैंडपंप मरम्मत, कुंआ सफाई कराने आदि के संबंध में जानकारी दी। कुछ पार्षदों ने ठीक से सफाई नहीं होने, निर्धारित समय तक सफाई नहीं होने तथा पर्याप्त सफाई कर्मी नहीं होने की बात कही। इसके अलावा बिजली समस्या व निर्माण कार्य एवं अन्य कार्य कराने अवगत कराया। इसके साथ ही राजस्व बढ़ाने संबंधी सुझाव भी दिए गए।

#### 5 से 31 मई तक वार्डों में शिविर

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने जानकारी दी कि वर्तमान में ओडीएफ प्लस प्लस एवं कचरा मुक्त शहर के लिए शासन की टीम द्वारा सर्वे किया जाना है। टीम अलग-अलग वार्डों में जाकर सफाई एवं अन्य कार्य देखेगी। सभी पार्षदों को सहयोग करना है एवं वार्डवासियों से भी फीटबेक दिलाना है। उन्होंने सुशासन तिहार 2025 के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने 5 से 31 मई तक वार्डों के लिए आयोजित होने वाले शिविर स्तर की जानकारी दी और कहा कि आप सबको शिविर में सहयोग करना है। बैठक में महापौर परिषद के सदस्यगण एवं पार्षदगण उपस्थित थे। बैठक में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा एवं निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, महापौर परिषद के सदस्य एवं पार्षद विशेष रूप से उपस्थित थे।

### आज जयंती समारोह में होंगे अधिकारी कर्मचारी शामिल

**राजनांदगांव।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का 134वीं जयंती कल 19 अप्रैल को रायपुर में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रदेशभर के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति वर्ग के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में रायपुर प्रस्थान कर कार्यक्रम में शामिल होंगे। साथ ही संवैधानिक अधिकारों को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पदोन्नति में आरक्षण के मामले का पालन नहीं कर रहे हैं। जबकि संविधान में प्रदत्त 16(4) क, एवं 335 आर्टिकल में स्पष्ट उल्लेख है।

प्रतिनिधित्व के आधार पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति को भर्ती पदोन्नति देने राज्य सरकार बाध्य है, किन्तु छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पिछले 2019 से लगातार संवैधानिक हक से वंचित करने का काम कर रहे हैं अर्थात संविधान में निहित प्रावधान का पालन नहीं किया जा रहा है। जिसका शांतिपूर्ण ढंग से संविधान में दिए प्रावधानों को लागू करवाने हेतु जयंती के माध्यम से सरकार तक संदेश पहुंचाने हेतु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के कर्मचारी-अधिकारी रायपुर में एकत्रित होकर जयंती के माध्यम से अपने संवैधानिक हक को शासन के समक्ष रखा जाएगा। जिसमें राजनांदगांव, खैरागढ़, चौकी जिला से भी सैकड़ों की संख्या में लोग रायपुर पहुंचेगे।

## राष्ट्र स्तरीय खेल में मिला गोल्ड किरण साहू ने किया गौरवान्वित

**राजनांदगांव।** साहू समाज की बेटी किरण ने 4थे खेलो मास्टर राष्ट्रीय खेल के दौड़ स्पर्धा 5 हजार मीटर, 3 हजार मीटर एवं 800 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त कर 3 स्वर्ण पदक हासिल किया।

जिला साहू समाज एवं नगर ईकाई साहू समाज बजरंगपुर नवागांव ने किरण की इस उपलब्धि पर बधाई देते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। समाज के पदाधिकारियों ने दिल्ली से लौटकर आने पर रेलवे स्टेशन में भव्य स्वागत किया। विदित हो कि प्रतिभावान बेटी किरण साहू ने 4थे खेलो मास्टर राष्ट्रीय 2025 दिल्ली में 11 से 13 अप्रैल तक आयोजित स्पर्धा में भाग लेकर यह उपलब्धि हासिल की है। स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर उनका चयन श्रीलंका में आयोजित खेल स्पर्धा में हुआ है।

रेलवे स्टेशन में स्वागत करने वालों में उनके पिता




नरसिंग साहू, माता प्रभा साहू, जिला साहू समाज के महामंत्री नीलमणी साहू, डॉ. महेश साहू, विजय साहू, अनिल साहू, योगेश साहू, खेमलाल साहू, नंदलाल साहू, संजू साहू, सपना साहू, बसंत सोनबोईर, उमशंकर, धनेश साहू, महेश साहू, लीलाधर सोनबोईर, इंदूबाई, तीजनबाई उपस्थित थे।

## गुड फ्राईडे पर प्रार्थना सभा का आयोजन, शहर में निकली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गुड फ्राईडे के अवसर पर आज मसीह समाज द्वारा विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। वहीं क्रूस पर यीशु मसीह के बलिदान की याद में शोक और प्रार्थना के गीतों के साथ शहर में रैली निकाली।

गुड फ्राइडे पर शहर के कौरिनभांठा इंद्रपुरी क्षेत्र के जेएमजे स्कूल चर्च से मसीह समाज के लोगों ने क्रूस के साथ रैली निकाली और यह रैली वाईडर स्कूल चर्च में पहुंचकर संपन्न हुई। गुड फ्राइडे के दिन प्रभु यीशु मसीह को क्रूस पर



चढ़ाया गया था। इसके तीन दिन बाद वह पुनर्जीवित हो गए थे। समाज के लोग इस दिन को ईस्टर पर्व के रूप में मनाते हैं। रविवार 20 अप्रैल को ईस्टर पर्व मनाया जाएगा। इस दौरान धार्मिक आयोजन किया जाएगा।

## सरकार की श्रमिक कल्याणकारी योजनाएं एक-एक मजदूर तक पहुंचे : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के रायपुर स्थित कार्यालय में गत दिनों रायपुर जिले से आए श्रमिक नेताओं व मजदूरों को संबोधित करते मंडल अध्यक्ष योगेशदत्त मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार व केन्द्र सरकार द्वारा मजदूरों के कल्याण के लिए कई दर्जन योजनाएं संचालित की जा रही है। प्रदेश के मजदूरों के कल्याणर्थ तीन-तीन निगम मंडल कार्यरत हैं। सभी मजदूरों के विभिन्न क्षेत्रों के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रहे हैं।

इसका लाभ उठाकर हम प्रदेश के कामगारों को सामाजिक सुरक्षा देकर उनका जीवन स्तर सुधार सकते हैं। यहं कार्य आज का युगधर्म है। मजदूर संगठनों के सभी श्रमिक स्वयं भी लाभ उठाएं और एक-एक मजदूरों को योजना का लाभ देने का महत्वपूर्ण कार्य कर सकते हैं।

इस दौरान भवन कर्मकार कल्याण मंडल के पूर्व अध्यक्ष मोहन एंटी, भामसं के जिला अध्यक्ष ब्रिजेश मिश्रा, जिला मंत्री परमेश्वर कनोजे, प्रदेश के वित्त सचिव ओपी पाल, राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री अश्वनी चेलक, पवन ओगले, अचित वरई, छोटू तांडी, शिव साहू, राजा तिवारी, संजय शर्मा, संदेश गनवीर, अंजू शर्मा, मंजू शर्मा, चम्पा महानंद सहित बड़ी संख्या में रायपुर जिले के कामगार उपस्थित थे।




#### श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सकते हैं

भामसं के कार्यालय मंत्री ब्रिजेश मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम प्रारंभ में श्री मिश्रा का आत्मीय स्वागत किया गया। वे एक-एक मजदूर से व्यक्तिः मिले, उनका हालचाल जाना, योजनाओं के संबंध में अब तक उन्हें मिले लाभ की जानकारी लेते कहा कि निर्माण कर्मकार मंडल के जरिये हम निर्माण क्षेत्र के 44 प्रकार के मजदूरों का कल्याण कर सकते हैं। इसमें छात्रवृत्ति, कोचिंग, बच्चों के जन्म का लाभ, युवा अवस्था का लाभ, नगद रूप में प्राप्त कर सकते हैं। इसी तरह दुर्घटनाग्रस्त होने पर, सामान्य मृत्यु होने पर, दुर्घटना मृत्यु के दुखद समय में भी मंडल नगद भुगतान करता है। इसी प्रकार असंगठित समाजिक सुरक्षा मंडल के जरिये समाज जीवन में कार्यरत प्रत्येक वर्ग के चाहे वो, हमाल हो, सफाई कर्मी हो या अन्य असंगठित क्षेत्र का काम करते हो, उन्हें भी उपरोक्त तरह की श्रमिक कल्याणकारी योजना का लाभ ले सकते हैं।

#### पंजीयन कराकर दिला सकते हैं लाभ

श्री मिश्रा ने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि हम जरूरतमंद मजदूरों तक जाए, उन्हें योजनाओं के बारे में बताए तथा उपरोक्त तीनों मंडलों में जिस श्रेणी का वह मजदूर हो, उसे उस मंडल में उसका पंजीयन कराकर योजनाओं का नगद लाभ दिला सकते हैं। इस कार्य में मजदूरों को जागरूक करने की जरूरत है, ताकि एक-एक कामगारों तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके।

## हीमोफिलिया-डे पर विशेष कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कॉम्पोजिट रीजनल सेंटर फॉर स्किल डेवलपमेंट, रिहैबिलिटेशन एंड एम्पावरमेंट ऑफ पर्संस विद डिसएबिलिटीज (सीआरसी) राजनांदगांव द्वारा वर्ल्ड हीमोफिलिया-डे के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर लाइफ लाइन ब्लड बैंक के सहयोग से एक रक्तदान शिविर आयोजित कर समाज को मानवता और सहभागिता का अद्भुत संदेश दिया। कार्यक्रम में सीआरसी के स्टाफ, दिव्यांगजन, उनके अभिभावक एवं छात्रगणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत हीमोफिलिया और रक्तदान के महत्व पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। प्रमुख वक्ताओं में डॉ. अभिषेक कुमार आहूजा, अभिषेक सिंह और प्रदीप शर्मा शामिल थे। रक्तदान शिविर के दौरान कुल 22 स्वयंसेवियों ने रक्तदान किया। प्रत्येक रक्तदाता को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उन्हें जलपान भी वितरित




किया गया। चुनमुन मोहंती के मार्गदर्शन में एक सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। जिसमें सात लाभार्थियों को श्रवण यंत्र, एलएस बेल्ट, नी ब्रेसेस तथा वॉकिंग स्टिक प्रदान किए गए। आयोजन का संचालन स्टाफ नर्स मुख्ति साहू के नेतृत्व में चुनमुन मोहंती, गुपेन्द्र एवं भानु की टीम द्वारा किया गया।

बैंक हेतु हॉल किराए पर देना है
पोस्ट ऑफिस छुईखदान (जिला-केसीजी) के पास 800 वर्गफीट में बना नवनिर्मित हाल (बैंक हेतु) किराए पर देना है।
संपर्क करें : सुधीर जैन
पोस्ट आफिस के पास (वार्ड नं. 8) छुईखदान
मो. 9425554481, 9685337733

## हिंदुओं पर अत्याचार, ममता बनर्जी का पुतला दहन

### पश्चिम बंगाल के मामले पर विहिप व बजरंग दल ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वक्फ संशोधन बिल कानून को लेकर पश्चिम बंगाल में हुई हिंसा और हिंदुओं पर अत्याचार के मामले में ममता बनर्जी सरकार पर हिंदू विरोधी सरकार होने का आरोप लगाते विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया गया।

शहर के महाकाल चौक में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री अरूण गुप्ता ने कहा कि ममता बनर्जी की सरकार पश्चिम बंगाल में तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। यहां हिन्दुओं पर लगातार अत्याचार हो रहा है। हिंदू प्रताड़ित हो रहे हैं।



#### नारेबाजी के साथ रैली

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा महावीर चौक से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला लेकर रैली निकाली गई और फिर महाकाल चौक पहुंचकर पुतला दहन किया गया।

#### राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा पश्चिम बंगाल की ममता सरकार को बर्खास्त करने के लिए राष्ट्रपति से मांग की गई। संगठन के लोगों ने कहा कि पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू कर हिन्दुओं के खिलाफ हिंसा की घटनाओं को रोकने ज्ञापन के माध्यम से मांग की जाएगी।



नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक: 23 मई 2025, 06 जून 2025, 14 अगस्त 2025, 11 सितंबर 2025, 03 अक्टूबर 2025
10 दिन की यात्रा
राशि: स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)



23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

**खबर संक्षेप**

## 12वीं के छात्राओ ने ली बैंकिंग संबंधी जानकारी

**हरिभमि कवर्धा।** पीएमश्री सेजस पोंड़ी में बैंकिंग के छात्र छात्राओं ने बैंक से संबंधित जानकारियां ली। पीएमश्री समग्र द्वारा संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रम बैंकिंग फाइनेंशियल सर्विस इंश्योरेंस के छात्र छात्राएं छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक पोंड़ी में इंटरशिप का कार्यक्रम किया गया। वहीं बच्चे बैंक जाकर चेक कैसे भरते है, विड्रोल लाकर रूप, एनएफटी, आरटीजीएस और फॉर्म कैसे फिल किया जाता है तथा खाता कितने प्रकार के होते है इसकी 10 दिन प्रशिक्षण लिया। जिस पर ब्रांच मैनेजर वरूण कुमार द्विवेदी व बैंक कर्मी राजू चंद्रवंशी सभी बच्चे का सहयोग किया। इसी प्रकार हेल्थ केयर के बच्चे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पोंड़ी में 10 दिन का ट्रेनिंग लिया और स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लिया। इस दौरान शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

**निधन**

## छोटन कोसरिया

**बरबसपुर।** विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत ग्राम बरबसपुर निवासी छोटन कोसरिया का आकस्मिक निधन हो गया। स्व. छोटन कोसरिया 85 वर्ष के थें, स्व. श्री कोसरिया सिंचाई विभाग कवर्धा में रिटायरमेंट चौकीदार थे। वही शुक्रवार को ग्राम बरबसपुर स्थित मुक्तिधाम में सामाजिक रीति-रिवाज के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान आसपास क्षेत्र के गणमान्य नागरिक गण उपस्थित होकर स्व.छोटन कोसरिया को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

**बैठक : सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध व प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करें**

# जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला अधिकारियों की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने शुक्रवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला अधिकारियों की बैठक लेकर सुशासन तिहार के दौरान विभागवार प्राप्त आवेदनों का व्यवस्थित रूप से संकलन कर संबंधित विभाग को निराकरण के लिए भेजे जा रहे अद्यतन स्थिति की गहन समीक्षा की। कलेक्टर श्री वर्मा ने राज्य स्तर पर संचालित सुशासन तिहार के पहले चरण में प्राप्त सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम जनता से प्राप्त सभी आवेदनों का उचित संधारण सुनिश्चित कर संबंधित विभाग को प्रेषित किया जाए। विभाग के अधिकारी आम जनता की आवेदनों को पढ़े। उनकी मांग और समस्याओं को समझते हुए उचित निराकरण करें। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की मंशा है कि लोगों की समस्याओं का समय पर उचित समाधान हो सके। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी, अपर कलेक्टर नरेंद्र पैकरा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने विभागों में प्राप्त आवेदनों को अपने निगरानी में परीक्षण करें। विभागों को प्राप्त ऐसे आवेदन जो विभाग से संबंधित नहीं है, ऐसे आवेदनों को अन्य विभाग में स्थानांतरित करने के पूर्व सतर्कता के साथ परीक्षण उपरांत ही वास्तविक विभाग में स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत शिकायतों से संबंधित आवेदनों को बेहद गंभीरता से लेवें। निराकरण में संवेदनशीलता का परिचय देवें। कलेक्टर ने कहा कि प्रतिदिन आवेदनों के अद्यतन स्थिति से अपडेट रहें। उन्होंने शिविर के पूर्व विभागों को प्राप्त सभी आवेदनों का परीक्षण कर निराकरण कर लेने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी कहा कि विभागों को मिले सभी आवेदनों के निराकरण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। किसी भी आवेदन को बिना परीक्षण किए बगैर अस्वीकृत नहीं करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसे आवेदक जिसका निराकरण किया जाना संभव न हो अथवा अपात्रता की श्रेणी में हो, ऐसे आवेदनों को अस्वीकृत करने संबंधी प्रमुख कारणों का उल्लेख करते हुए संबंधित आवेदन को अवगत कराया जाए।

### कलेक्टर ने पीएम आवास योजना का शत-प्रतिशत सर्वेक्षण करने के दिए निर्देश




कलेक्टर श्री वर्मा ने 15 से 30 अप्रैल तक आयोजित मोर द्वार साय सरकार विशेष पखवाड़ा अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शत-प्रतिशत सर्वेक्षण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में पात्र और अपात्र हितग्राहियों की सूची पारदर्शिता के साथ तैयार की जाए ताकि योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों को मिल सके। उन्होंने गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल आपूर्ति की स्थिति पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी ग्राम पंचायतों, नगर पंचायतों एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा अधिकारी अलर्ट मोड में कार्य करें। उन्होंने कहा कि जिन गांवों या मोहल्लों में हैंडपंप या अन्य पेयजल स्रोत खराब हैं वहां सूचना मिलते ही तुरंत मरम्मत एवं सुधार कार्य प्रारंभ किया जाए। पेयजल संकट को हर हाल में टाला जाए। इसके लिए जनपद पंचायत के सीईओ, नगर पंचायत के सीएमओ, पीएचई विभाग के अधिकारी तथा तकनीकी अभियंताओं के बीच समन्वय स्थापित कर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



# 11 दिवसीय पंच कुण्डीय श्री लक्ष्मी-नारायण महायज्ञ का शुभारंभ

- माता-बहनों ने नगर भ्रमण कर निकाली भव्य शोभा यात्रा रैली।

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

ग्राम कारीमाटी 18 से 28 अप्रैल तक 11 दिवसीय पंच कुण्डीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का भव्य शुभारंभ की गई वही नगर भ्रमण कर माताओं व बहनों द्वारा विशाल शोभा यात्रा रैली निकाली गई।

11 दिवसीय पंच कुण्डीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के आयोजन से ग्राम कारीमाटी सहित आसपास के क्षेत्रवासियो में भारी भक्तिमय का माहौल बना हुआ है। जिसमें पं जगकुमार शास्त्री महाराज, आचार्य भारतीय सेवा सिपाही वाले द्वारा यज्ञ संपन्न होंगे। श्री लक्ष्मी नारायण पंच कुण्डीय महायज्ञ में श्रीमद् भागवत कथा वाचक व्यास पीठ पं भोलेश्वर शास्त्री महाराज द्वारा श्रीमद्भागव महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का रसपान ग्रामीणो व भक्तजनों को कराया जाएगा। वहीं यज्ञाचार्य वेद मूर्ति मोहन शास्त्री, वेद मूर्ति राज राजेश्वरी विद्यापीठ वैदिक बाल व्यास श्री काशी वाराणसी उत्तर प्रदेश ग्राम आचार्य पं सुरेंद्र पांडेय, पं चंद्रिका पांडेय, पं ललित शर्मा, पं विद्याभूषण शर्मा, पं रूपनारायण शर्मा, पं अविनाश तिवारी व गोरेलाल शर्मा उपस्थित रहेंगे। इस 11 दिवसीय भव्य पंच कुण्डीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा रसपान कर अपने जीवन को धन्य बनाने अपील की गई वहीं आसपास क्षेत्र में भक्तिमय का वातावरण बना है।

# शहर मे कम शुल्क में सुविधा जनक जिम का किया उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शहर की सबसे महत्वपूर्ण जीम कवर्धा इंडोर स्टेडियम जीम का भव्य शुभारंभ किया गया, जिसमे जनप्रतिनिधि, अधिकारी, गणमान्य नागरिक व सभी खिलाड़ियों की उपस्थिति मे शुभारम्भ किया गया। जीम के प्रबंधक उमंग पाण्डेय ने बताया की उद्घाटन कार्यक्रम मे अतिथि के रूप मे जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा, पूर्व विधायक सियाराम साहू, नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, पूर्व नपाध्यक्ष श्रीमती देवकुमारी चद्रवंशी, पार्षद सभापति अजय ठाकुर, विकास अधिकारी चेतन पाण्डेय, सूरज राजपूत, दीपाली सोनी, राजा जोशी, राकेश साहू, रीना शर्मा सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी गण उपस्थित थें। अतिथि जनो की उपस्थिति मे भगवान खेड़ापति हनुमान जी महाराज के तैलचित्र में दीप प्रज्जवलित व फीता काटकर नवीन जीम का उद्घाटन किया गया। संचालक ने बताया की आज जीवन का महत्वपूर्ण उद्देश्य स्वस्थ्य रहना है और स्वस्थ्य रहने के लिए नियमित व्यायाम जरूरी है, लेकिन महंगे जीम होने कारण आम जन जीम ज्वाइन नही करते थे, इन सभी परिस्थितियों को देखते हुए शहर मे सबसे कम कीमत पर पंजीयन व नाममात्र मेटनेन्स हेतु मासिक शुल्क लेकर सभी जीम उपकरण उपलब्ध करा, सर्व सुविधायुक्त जीम खोला गया है ताकि सभी वर्ग के लोग जीम आकर स्वस्थ्य रह सके। महिला व पुरुष दोनों के लिए अलग-अलग ट्रेनर की व्यवस्था भी की गई है यह शहर के लिए खेल प्रतिभा व सभी उम्र के लोगो के लिए लाभदायक सिद्ध होगा।

### पीजी कॉलेज में रेडक्रास सोसायटी ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**हरिभूमि कवर्धा।** आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में प्राचार्या डॉ ऋचा मिश्रा के मार्गदर्शन में महाविद्यालय में संचालित यूथ रेडक्रॉस सोसायटी इकाई और जिला रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में गुरूवार को शासकीय जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में महाविद्यालय के छात्र तुलेश, शिवा, छत्रपाल द्वारा रक्तदान किया गया, शिविर में रेडक्रॉस सोसायटी जिला संयोजक बालाराम साहू एवं महाविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस सोसायटी के संयोजक सहायक प्राध्यापक कृष्णा बंजारे उपस्थित थें। यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष रक्तदान शिविर कलेंडर, उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत किया जाता है।

# मारपीट कर धमकी देने वाले आरोपियों को पंडरिया पुलिस ने धर-दबोचा



- पुलिस प्रशासन की प्रभावी कार्रवाई , गए जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

शहर व क्षेत्र में बढ़ती अपराध व अपराधिक गतिविधियों में पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इस कड़ी में रात्रि को मानस साहू पिता बीनू राम साहू निवासी ग्राम कुम्ही थाना पाण्डातराई द्वारा थाना पंडरिया आकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि सायं 5 बजे घरेलू सामान लेकर लौट रहा था, तभी ग्राम रेहूटा तालाब के पास जसमीत भारत, सूरज जोशी एवं उनके दो अन्य साथियों ने रास्ता पूछने के बहाने रोका और मां-बहन की गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी एवं लोहे की पाइप से मारपीट की। उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाना पंडरिया में अपराध क्रमांक 70/25 धारा 296, 115 (2), 351 (3), 324 (2) व 3 (5) बीएनएस के तहत मामला दर्जकर तत्काल विवेचना प्रारंभ की गई। जिस पर पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के दिशा-निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल तथा एसडीओपी पंडरिया भूपत सिंह व थाना प्रभारी नितिन तिवारी द्वारा टीम गठितकर त्वरित कार्यवाही की गई। टीम द्वारा संदिग्ध आरोपियों को थाना लाकर पूछताछ की गई, इस दौरान आरोपियों ने पुनः उत्तेजक भाषा में धमकी देना जारी रखा, जिससे उनके आक्रामक इरादों की पुष्टि हुई। उक्त परिस्थितियों को देखते हुए आरोपियों जिसमें जसमीत भारत निवासी खैरवार खुर्द, थाना चिल्फी सूरज जोशी निवासी भरेवापारा एवं राकेश सूर्यवंशी निवासी बसिया थाना सिरगिट्टी को भारतीय न्याय संहिता की धारा 170 के तहत गिरफ्तार किया गया।

**हरिभूमि कवर्धा।** शहर व ग्रामीण क्षेत्र में भीषण गर्मी व उमस से लोग परेशान है। वहीं क्षेत्र के ग्रामीण सुबह को ही अपना काम-काज निपटा लेते है, ताकि दोपहर की धूप में उन्हे बाहर निकलना ना पड़े। ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी व उमस को देखते हुए दोपहर में क्षेत्र के गली-मोहल्ले व चौंक चौराहों में सन्नाटा पसरा रहता है।

# गर्मी से राहत के लिए नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश की सराहनीय पहल

- राहगीरों के लिए प्याऊ घर व बेजुबान पशुओं के लिए पानी टंकी की व्यवस्था।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा




नगर पालिका परिषद कवर्धा अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश द्वारा चिलचिलाती गर्मियों को ध्यान में रखते हुए राहगीरों के लिए शहर के चार स्थलों पर प्याऊ घर व सड़को पर घूमने वाले बेजुबान पशुओं के लिए जगह-जगह पानी का टंकी रखवाया गया। नपाध्यक्ष श्री चंद्रवंशी ने बताया कि आज पार्षदो के साथ शहर के आवश्यक व गौचर स्थानों पर जाकर पशुओं के लिए पानी टंकी रखवाया गया तथा शहर के व्यस्तम मार्गो में प्याऊ घर खोला गया है जहाँ चिलचिलाती गर्मी में लोगो को शुद्ध व ठंडा पेयजल उपलब्ध रहेगा। इसी तरह बेजुबान पशु जो सड़को पर घूमते रहते है जिसे गर्मी के दिनों में पानी की आवश्यकता अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक हो जाता है जिसे ध्यान में रखते हुए जगह जगह पानी की टंकी रखवाया गया। ताकि गर्मी में पानी की कमी से अनहोनी ना हो। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि चिलचिलाती गर्मी में मानवता और संवेदनशीलता का ध्यान रखते हुए शहर में राहगीरों और बेजुबान पशुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। साथ में सभापति व पार्षद अजय सिंह ठाकुर, डोनेश राजपूत, दीपक सिन्हा, केशरीचंद सोनी, हर्ष खुराना, राकेश साहू उपस्थित थे।

### नगर पालिका क्षेत्र में अब कोई गौ-माता प्यासी नहीं रहेगी : चंद्रवंशी

नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा की भगवान स्वयं कहते हैं जीव ही शिव है। इसी भावना को जीवन में उतारते हुए नगर पालिका कवर्धा क्षेत्र में कई स्थानों पर गौ माता के लिए पानी की टंकी रखवाया गया हैं ताकि इस भीषण गर्मी में हमारी गौ माता प्यास से व्याकुल न हो। यह केवल सेवा नहीं, यह हमारी संस्कृति, हमारी श्रद्धा और हमारे धर्म की पुकार है। उन्होंने अपील करते हुए कहा की हम सब मिलकर इस पुण्य कार्य में सहभागी बनें। अपने घर के सामने गौमाता के लिए पीने के पानी की व्यवस्था करे। यही हमारी मानवता की पहचान है।

# लोगों को अब समस्या हल होने का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- सुशासन तिहार में बड़ी संख्या में लोगों ने दिए आवेदन




जनता की मांग को पूरा और समस्याओं को दूर करने के लिए राज्य सरकार ने अपने वादे के अनुसार बीते दिनों सुशासन तिहार के आयोजन की पहल किया था। आयोजन के तहत शहर और गांव के लोगों से मांग, शिकायत के आवेदन तीन दिनों तक लिए गए।

नगर में स्थानीय प्रशासन ने 8 से 11 अप्रैल चले शिविर लगाकर आवेदन लिया है। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब लोगों को निराकरण होने का इंतजार है। जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत एवं नगर पालिका ने आवेदनों के निराकरण के लिए गंभीरता से तैयारी शुरू कर दिया है। हालांकि अभी आवेदनों को आनलाईन एंट्री किया जा रहा है। सीएमओ सीके शर्मा ने बताया कि प्राप्त आवेदनों को उच्च कार्यालय भेजने साथ ही जिला प्रशासन को विस्तृत ब्यौरा भेज दिया गया है।

**समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उन्हें जल्द सुलझाने का भरोसा दिलाया : दुबे**

# टाटीकसा में मोर द्वार साय सरकार महाभियान की शुरुआत



हरिभूमि न्यूज ⏭रणवीरपुर

राज्य सरकार के मोर द्वार साय सरकार महाभियान अंतर्गत शुक्रवार को नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य रोशन दुबे ने ग्राम पंचायत टाटीकसा का दौरा किया। ग्रामवासियों ने उनका पारंपरिक तरीके से सीताराम धूनी से अगवानी कर भव्य स्वागत किया और पंचायत भवन तक ले गए। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती संगीता साहू ने गुलदस्ता भेंटकर उनका अभिनंदन किया। उन्होने पंचायत भवन में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि इस महाभियान की शुरुआत हमारे ग्राम से होना हम सभी के लिए गर्व की बात है।

उन्होंने टाटीकसा को धान खरीदी केंद्र के रूप में चयनित किए जाने पर राज्य सरकार और जिला प्रशासन के प्रति आभार भी जताया। इस अभियान के दौरान कल्याण सिंह पिता गंगाधर धुर्वे और धन कुंवर पिता गंगू रजक के घरों का आवास प्लस सर्वे किया गया। रोशन दुबे ने बताया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए यह महाभियान चलाया जा रहा है, जिसमें ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान के लिए प्राथमिकता से काम किया जाएगा। वहीं गांव के लोगों ने जनप्रतिनिधियों के समक्ष अपनी-अपनी समस्याएं रखीं। रोशन दुबे ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उन्हें जल्द सुलझाने का भरोसा दिलाया।

इस दौरान उप सरपंच श्रीमती सावित्री साहू, निरा साहू, बंशी रजक, मोहित रजक, ग्राम पटेल कलाराम साहू, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि रामगोपाल द्विवेदी, रोजगार सहायक गुमान सिन्हा, आवास मित्र हेमकांत साहू, अश्वनी साहू, रूपसिंह धुर्वे, मनीराम धुर्वे, मनीराम नेताम, इतवारी रजक, कांता साहू, खोरबहारा साहू, अशोक धुर्वे, गिरीराज सेन, प्रदीप साहू, धनीराम रजक, कुमान साहू सहित ग्रामीण जन उपस्थित थें।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### जिला गोंड़ समाज सेवा समिति की बैठक कल

**कवर्धा।** जिला गोंड़ समाज सेवा समिति कबीरधाम के पूनर्गठन मनोनयन को लेकर समिति की एक आवश्यक बैठक प्रस्तावित की गई है। इस संबंध में समिति के महासचिव से मिली जानकारी के अनुसार जिला गोंड़ समाज सेवा समिति कबीरधाम के पूनर्गठन मनोनयन को लेकर आमसभा का आयोजन 20 अप्रैल रविवार को आदिवासी मंगल भवन कवर्धा में समय प्रातः 11 बजे से दोपहर 4 बजे आयोजित की गई है। जिसमें मुख्य रूप से सममिति के 5 संरक्षक, 1 अध्यक्ष, 5 उपाध्यक्ष, 1 महासचिव, 1 कोषाध्यक्ष, 3 संगठन मंत्री तथा दो मीडिया प्रभारी का मनोनयन किया जाएगा। बैठक में जिला के अलावा ब्लाक कार्यकारिणी के सर्व प्रभाग, महिला प्रभाग, युवा प्रभाग का पुनर्गठन किया जाएगा।

### तीन दिवसीय सतनाम मेला का भव्य आयोजन

**कवर्धा।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ग्राम रघ्घुपारा धाम में तीन दिवसीय सतनाम मेला का आयोजन किया जा रहा है। गुरु घासीदास सेवा समिति रघ्घुपारा धाम के अध्यक्ष गणेश पात्रे ने बताया कि ग्राम रघ्घुपारा धाम में 19 से 21 अप्रैल तक तीन दिवसीय सतनाम मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में 19 अप्रैल को जिला पंचायत सभापति रामकुमार भट्ट के साथ अन्य अतिथि शामिल हुए और गुरूघासीदास बाबा की पूजा अर्चना की। वहीं 20 अप्रैल को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के साथ अनेक अतिथि शामिल होंगे। 21 अप्रैल को सांसद संतोष पाण्डेय सहित अन्य और अतिथि शामिल होंगे। कार्यक्रम के प्रथम दिन पंडित तिहारु कोसले द्वारा सतनाम ग्रंथ प्रवचन दिया गया।

### ग्रामीण महिला ने किया कीटनाशक दवा का सेवन

**कवर्धा।** जिले के स.लोहारा थाना क्षेत्र के ग्राम बामी की 50 वर्षीय एक ग्रामीण महिला ने आत्महत्या किए जाने की मंशा से अपने घर में कीटनाशक दवा सेवन कर लिया। घटना की जानकारी होने पर पीड़िता के परिजनो ने उसे तत्काल गंभीर स्थिति में सामुदायिक चिकित्सालय सहसपुर लोहारा में भर्ती कराया। हालांकि तक इस बात की जानकारी नहीं मिल पाई है कि महिला ने आत्महत्या करने प्रयास किस कारण से किया। अस्पताल प्रशासन ने घटना की जानकारी स. लोहारा पुलिस को दे दी है। मामले की जांच की जा रही है।

### बिजली कनेक्शन के लिए ऑनलाइन सिस्टम

**कवर्धा।** बिजली कंपनी ने व्यवसायों के लिए अस्थायी बिजली कनेक्शन प्राप्त करने की प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और सरल बना दिया है। स्टेट सिंगल विंडो पोर्टल के माध्यम से शुरू की गई, इस ऑनलाइन प्रणाली का उद्देश्य नियमों में सुधार करना व कठिन प्रक्रियाओं को सरल बनाना है। नई प्रणाली के तहत, व्यवसायी अब घर बैठे ही स्टेट सिंगल विंडो पोर्टल पर अस्थायी बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की स्थिति को रीयल-टाइम में ट्रैक करने की सुविधा ने प्रक्रिया को और भी पारदर्शी बना दिया है। पहले जहां कागजी कार्रवाई व कई दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते थे, वहीं अब यह काम कुछ ही क्लिक में पूरा हो जाएगा।

# नेशनल हेराल्ड मामलाः भाजयुमो ने फूंका सोनिया, राहुल का पुतला, घेरा कांग्रेस कार्यालय

- ईडी की चार्जशीट में सोनिया राहुल का नाम आने के बाद तिलमिला रही कांग्रेस: राजेन्द्र चन्द्रवंशी
- नेशनल हैराल्ड कम्पनी के नाम पर गांधी परिवार ने लूटा देश का धन: मनीराम साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

देश के बहुचर्चित नेशनल हैराल्ड मामले में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं कांग्रेस की राष्ट्रीय नेता सोनिया गांधी की सीधी संलिप्तता पाए जाने और ईडी द्वारा इनके खिलाफ चार्जशीट पेश किए जाने के बाद सत्ता पक्ष भाजपा ने राहुल गांधी और सोनिया गांधी के खिलाफ एक बार फिर मोर्चा खोल दिया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को भाजपा के राष्ट्रीय आव्हान पर जिला भाजयुमो ने जिला मुख्यालय कवर्धा में नेशनल हैराल्ड मामले को लेकर एक बड़ा विरोध प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर राहुल गांधी तथा सोनिया गांधी का पुतला दहन किया। इस दौरान भाजयुमो के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने कांग्रेस नेताओं के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। कार्यक्रम को संबोंधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र चन्द्रवंशी ने कहा कि अभी तक कांग्रेस के नेता ये आरोप लगाते आ रहे थे कि उन्हें नेशनल हैराल्ड मामले में जबरदस्ती फंसाया जा रहा है और ईडी के जरिए कांग्रेसी नेताओं को परेशान किया जा रहा है। लेकिन अब ईडी ने इस पूरे मामले की जांच के बाद बकायदा अपनी चार्जशीट तैयार कर न्यायालय में पेश कर दी है दूसरे कांग्रेसी नेताओं के साथ सोनिया गांधी और राहुल गांधी को भी आरोपी बनाया गया है। जिससे साफ जाहिर होता है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं कांग्रेस की राष्ट्रीय नेता सोनिया गांधी सहित अन्य कांग्रेसी नेताओं की इस करोड़ों के घोटाले में सीधी संलिप्तता है। इसी को लेकर आज भाजपा युवा मोर्चा द्वारा कांग्रेस कार्यालय का घेराव तथा सोनिया व राहुल गांधी का पुतला दहन कर अपना विरोध प्रदर्शन किया है। वहीं भाजयुमो के जिलाध्यक्ष मनीराम साहू ने कहा कि नेशनल हैराल्ड की शुरुआत 1937 में हुई थी और शुरुआत में इसके 5,000 शेयरधारक थे, यानी यह कभी भी नेहरू परिवार की निजी संपत्ति नहीं थी। इसे उस दौर के कई प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों का समर्थन भी मिला था। लेकिन कांग्रेस के नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी ने एक राजनैतिक दल को मिलने वाली सुविधाओं का बेजा लाभ उठाते हुए इस कम्पनी को अपनी निजी सम्पत्ति बना लिया और इस कम्पनी के नाम पर करोड़ों अरबों की अवैध आय अर्जित की है। श्री साहू ने कहा कि अगर ईडी ने अपनी चार्जशीट में इन नेताओं को आरोपी बनाया है तो निश्चित ही ईडी के पास पुख्ता साक्ष्य मौजूद है। लेकिन कांग्रेस के नेता उल्टा चोर कोतवाल को डांटे की दर्ज पर इस कार्यवाही के विरोध में देशभर में विरोध प्रदर्शन करने की बात कर रही है। निश्चित रूप से कांग्रेस को लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत विरोध करने का अधिकार है लेकिन उन्हें ज़मीन और धन लूटने का अधिकार नहीं है। जिसका आज भाजयुमो ने पुरजोर विरोध किया। कार्यक्रम को भाजयुमो के अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, महामंत्री क्रांति गुप्ता, संतोष पटेल उपाध्यक्ष नीतेश अग्रवाल, पुर्व जिला अध्यक्ष अनिल ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवशी, भाजयुमो जिला अध्यक्ष मनीराम साहू, राजा पीयूष टाटिया, पन्ना चंद्रवंशी, सुनील दोषी, भाजयुमो प्रदेश मंत्री पीयूष ठाकुर, निर्मल द्विवेदी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि राजपुत खिलेश्वर साहू, ईश्वरी धुर्वे, भाजयुमो जिला महामंत्री सचिन गुप्ता, तुकेश चंद्रवंशी, नीतिश चंद्रवंशी, अजय ठाकुर, सौरभ सिंह ,डोनेश ठाकुर, अनिल शाहू, दुर्गेश दुबे, मीनू साहू, सुदर्शन कुभकार, राजू चंद्रवंशी, अमित चंद्रवंशी, दशरथ कुंभकार, नरोत्तम साहू ,दीपक ठाकुर, हर्ष खुराना, रितेश ठाकुर, सुखदेव धुर्वे, मनहरण साहू, दीपक सिन्हा, भूपेंद्र राजपुत, दुर्गेश अवस्थी एवं सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।




### प्रदर्शन को लेकर रही तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था

भारतीय जनता युवा मोर्चा के इस विरोध प्रदर्शन को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। धरना प्रदर्शन स्थल और कांग्रेस कार्यालय के पास बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। इस दौरान कांग्रेस कार्यालय के घेराव को लेकर भाजयुमो कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की मौके पर मौजूद पुलिस बल से हल्की खींचतान भी देखने को मिली।

**समस्या:** किसान नहीं दे रहे नहर नाली निर्माण के लिए जमीन, विभागीय प्रयास जारी

# बीते 6 सालों से अधर में लटका है नहरनाली विस्तारीकरण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भोरमदेव सकरी फीडर नहर के अंतर्गत ग्राम बद्दो, रघ्घुपारा, तिलाईभाट राम्हेपुर शक्कर कारखाना में नहर नाली निर्माण कार्य की स्वीकृति मिलने के बाद भी निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पा रही है और बीते करीब 5 साल से यह कार्य अटका पड़ा है। जिससे क्षेत्र के किसानो को सिंचाई सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। बताया जाता है कि इस दिशा में संबंधित जल संसाधन विभाग द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और नहरनाली निर्माण से प्रभावित होने वाले किसानो से चर्चा भी की जा रही लेकिन किसानो द्वारा सहमति नहीं दिए जाने के कारण कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा है। जानकारी के मुताबिक बीते 17 अप्रैल को भी इस सिलसिले में विभागीय अधिकारियों ने प्रभावित किसानो की बैठक लेकर स्वीकृत नहर नाली निर्माण के लिए भू-अर्जन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के संबंध में चर्चा की लेकिन सूत्रों की माने तो इस बार भी सहमति नहीं बन पाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार भोरमेदव सकरी नहर के अन्तर्गत भू-अर्जन ग्राम बददो पहनं 32 तहसील बोड़ला, जिला कबीरधाम में भोरमदेव सकरी फीडर नहर के अंतर्गत ग्राम बद्दो, रघ्घुपारा, तिलाईभाट राम्हेपुर शक्कर कारखाना क्षेत्र के किसानो ने वर्षों पूर्व नहर विस्तारीकरण की मांग की थी। राज्य सरकार ने किसानों की समस्या को देखते हुए करिया आमा से राम्हेपुर तक तीन किलो मीटर लंबी नहर निर्माण के लिए करोड़ों रुपए की राशि स्वीकृत की थी, ताकि नहर नाली विस्तारीकरण होने से किसान धान, चना, गन्ना जैसी फसले ले सकें और आर्थिक रूप से सशक्त बनें। बताया जाता है कि इस स्वीकृति के बाद नहर निर्माण कार्य शुरू भी हुआ और करीब दो किलो मीटर तक नहर तैयार भी हो गई, लेकिन पिछले पांच वर्षों से यह परियोजना अधर में लटकी हुई है।

### दो किलो मीटर की बनी नहर एक किलो मीटर की बाकी



जल संसाधन विभाग की सब-इंजीनियर रेखा की माने तो बद्दो गांव से आगे नहर निर्माण कार्य रुका हुआ है क्योंकि कुछ किसानों ने अपनी जमीन देने से इनकार कर दिया है। जबकि आधा दर्जन से अधिक किसान इसके लिए तैयार हैं। इसी कारण नहर का विस्तार कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा है। उन्होने बताया कि 17 अप्रैल को गांव में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों और ग्रामीणों के बीच बैठक हुई, लेकिन कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया। यदि नहर निर्माण कार्य पूरा होता है, तो तिलाईभाट, बद्दो, रघुपारा समेत आसपास के दर्जनों गांवों के खेतों तक पानी पहुंच सकेगा और पानी की समस्या से राहत मिल सकेगी। उन्होने बताया कि जैसे ही विवाद सुलझेगा, नहर निर्माण तेजी से पूरा किया जाएगा और क्षेत्र में पानी की किल्लत खत्म होगी। यदि नहर का निर्माण हो जाता है तो वहां के किसानों को पानी से राहत मिलेगी साथ-साथ रास्ता का एक विकल्प मिल जाएगा जिससे शक्कर कारखाना जाने में किसानों को आसानी होगी।

# कवर्धा में यातायात व्यवस्था सुधारने पुलिस का सघन अभियान

- 40 वाहन सहित 4 मोडिफाइड साइलेंसर की गई जप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू और सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देश पर 15 अप्रैल से एक विशेष सघन अभियान की शुरुआत की गई है।

यह अभियान केवल जुर्माना वसूली तक सीमित न होकर यातायात व्यवस्था में सुधार, नागरिक सहभागिता और जन-जागरूकता की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। अभियान के दो दिनो में पुलिस द्वारा मुनादी कर आम नागरिकों, व्यापारियों और ठेला-गुमटी संचालकों को यातायात नियमों के पालन के लिए समझाइश दी गई। उन्हें चेताया गया कि यदि अव्यवस्थित पार्किंग, अतिक्रमण या यातायात में बाधा की स्थिति बनी रही, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इसके बावजूद जब स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं दिखा, तो 17 अप्रैल को कवर्धा पुलिस ने एक व्यापक कार्रवाई करते हुए शहर के मुख्य मार्गों, चौक-चौराहों और बाजार क्षेत्रों में 40 दोपहिया वाहनों पर चालानी कार्रवाई की। इन वाहनों को क्रेन लिफ्टर के माध्यम से उठवाया गया, जिससे ट्रैफिक नियमों के उल्लंघनकर्ताओं को स्पष्ट संदेश मिला कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।साथ ही, ध्वनि प्रदूषण की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए चार मोडिफाइड साइलेंसर लगे दोपहिया वाहनों से अवैध साइलेंसर जब्त किए गए और उन्हें मौके पर ही बदलवाया गया।

यह अभियान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवंपंकज पटेल के मार्गदर्शन और एसडीओपी कवर्धा कृष्ण कुमार चंद्राकर के पर्यवेक्षण में संचालित हुआ। अभियान में कोतवाली थाना प्रभारी लालजी सिन्हा, यातायात प्रभारी अजय कांत तिवारी, डीआरजी टीम एवं पुलिस बल ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

एसपी धर्मेंद्र सिंह ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि यह अभियान केवल जुर्माना लगाने के लिए नहीं, बल्कि यातायात संस्कृति में स्थायी सुधार लाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से अपील की कि वे अधिक जिम्मेदारी दिखाएं, अवैध साइलेंसर न लगाएं, पार्किंग के निर्धारित स्थानों का उपयोग करें और पुलिस के निर्देशों का पालन करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि क्रेन लिफ्टर का उपयोग आगे भी जारी रहेगा और अव्यवस्थित पार्किंग पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बनी सहमति, पंचायत सचिवों की हड़ताल समाप्त

- हड़ताल समाप्त होने से शासन-प्रशासन व ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बीते 17 मार्च से शासकीयकरण किए जाने के साथ अन्य मांगों को लेकर करीब 31 दिनो से जारी पंचायत सचिवों की हड़ताल बीते गुरूवार को प्रदेश के पंचायत मंत्री से मिले आश्वासन के बाद समाप्त हो गई है। पंचायत सचिवों की हड़ताल समाप्त होने से जहां शासन-प्रशासन ने राहत की सांस ली है वहीं आम लोगों की भी मानो मुराद पूरी हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले एक माह से चली आ रही है पंचायत सचिवों की हड़ताल खत्म गुरूवार को विभागीय मंत्री विजय शर्मा, पंचायत विभाग के सचिव भीम सिंह, संचालक प्रियंका ऋषि महोबिया की उपस्थिति में हुई बैठक में विलय के प्रक्रिया की जानकारी मिलने पर पंचायत सचिव संघ ने एक माह से चल रही हड़ताल स्थगित कर दी है। पिछले 17 मार्च से पंचायत सचिव संघ ने शासकीय सेवा में विलय हेतु मोर्चा खोला था और हड़ताल पर चले गए थे। ऐन गर्मी के समय धरने पर चले जाने से गांवों में रोजगार गारंटी, राशनकार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि सभी काम प्रभावित हो रहे थे। प्रदेश भर के पंचायत सचिव विरोध करते हुए ब्लॉक मुख्यालयों में प्रतिदिन पंचायत दफ्तरों के पास धरने पर बैठ रहे थे। ग्रामीण अंचलों में कार्य लगातार प्रभावित होने पर शासन स्तर से हड़ताल खत्म करवाने की पहल हुई। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, पंचायत विभाग के सचिव भीम सिंह, संचालक प्रियंका ऋषि महोबिया की उपस्थिति में पंचायत सचिव संघ के साथ वार्ता की गई। जिसमें बताया गया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा गठित समिति जनवरी 2026 तक अपनी अंतिम रिपोर्ट पेश करेगी, जिसके आधार पर पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किया जाएगा। शासकीयकरण की प्रक्रिया से पहले चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति हेतु अलग से मार्गदर्शिका जारी की जाएगी। पंचायत सचिव के प्रतिनिधि मण्डल ने शासन के इस आश्वासन पर अपनी सहमति देते हुए हड़ताल स्थगित करने का ऐलान कर दिया।

### हड़ताल अवधि का भी दिया जायेगा वेतन

शासन और पंचायत सचिवों की बैठक के दौरान इस बाद पर सहमति बनी की 17 मार्च से पंचायत सचिव हड़ताल कर रहे हैं, इस हड़ताल अवधि का वेतन भी स्वीकृत किया जाएगा। वर्तमान में 15 वर्ष की सेवा पूरी करने पर वेतन सत्यापन में आ रही विसंगतियों को जल्द सुधार करने का भी आश्वासन शासन द्वारा दिया गया। प्रदेश पंचायत सचिव संघ ने मांगों पर सहमति बनने के बाद आंदोलन को स्थगित कर दिया।

### कार्रवाई ...



कवर्धा। कवर्धा नगर की यातायात व्यवस्था को प्रभावित करने वाले वाहनों को पुलिस ने किया जप्त।

**बाजार चारभाठा में सांसद संतोष पाण्डेय, सूरजपुरा में जिपं अध्यक्ष साहू ने किया सर्वे**

# पीएम आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत मोर दुआर साय सरकार अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पात्र हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के उद्देश्य से मोर दुआर साय सरकार महाअभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज बाजार चारभाठा में सांसद संतोष पाण्डेय द्वारा प्रधानमंत्री आवास हेतु पात्र हितग्राही मंजू विश्वकर्मा एवं सीताबाई का सर्वे मोबाइल ऐप के माध्यम से किया गया। संतोष पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत पात्र परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि 'मोर दुआर साय सरकार महाअभियान का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि मोबाइल ऐप के माध्यम से पारदर्शी तरीके से सर्वे किया जा रहा है, जिससे किसी भी पात्र हितग्राही को योजना से वंचित न रहना पड़े। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और 30 अप्रैल तक अपना सर्वे जरूर कराएं। इसी के तहत सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम पंचायत सूरजपुरा में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए अपने क्षेत्र के नागरिकों को योजना की जानकारी दी एवं पात्र हितग्राहियों का आवास प्लस 2.0 ऐप के माध्यम से सर्वे कराया। उन्होंने पुनऊ राम साहू के घर जाकर सर्वे कार्य की निगरानी की और सर्वेयरों को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र परिवार योजना से वंचित न रह जाए, क्योंकि सर्वे बार-बार नहीं होता। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि 30 अप्रैल तक चलने वाले इस सर्वे में सभी सक्रिय भागीदारी निभाएं। जो परिवार रोजगार के लिए बाहर हैं, वे भी समय निकालकर गांव लौटें और अपना सर्वे करवाएं, ताकि उन्हें योजना का लाभ मिल सके। यह अभियान राज्य सरकार की जनकल्याणकारी सोच को धरातल पर उतारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे ग्रामीण अंचलों में आवासहीनों को पक्का मकान मिल सकेगा।

# जिले में अज्ञात चोर सक्रिय, कवर्धा से हाईवा, कुई कुकदुर के सूने मकान से जेवरात व नकदी पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला पुलिस प्रशासन की चाक चौबंध तथा कथित कानून व्यवस्था के बीच जिले के थाना क्षेत्रों से आए दिन छोटी बड़ी चोरी की वारदातें सामने आ रही है। जानकारी के मुताबिक जिला मुख्यालय कवर्धा के नंदी विहार कॉलोनी में खड़े हाईवा वाहन को अज्ञात चोर गत 12 अप्रैल को चुरा ले गया। चोरी हुए हाइवा वाहन की कीमत करीब 19 लाख रुपए बताई जा रही है। वाहन के मालिक किरन सिंह जांगड़े तथा उनके छोटे भाई विनोद कुमार धृतलहरे ने बताया कि 12 अप्रैल की रात करीब 10 बजे हाईवा को होली क्रास स्कूल के पीछे स्थित मैदान में खड़ा किया गया था। सुबह 13 अप्रैल को करीब 6 बजे ड्राइवर संजय रात्रे और मिलाप सिंह ठाकुर वाहन लेने पहुंचे तो वह वहां नहीं था। उन्होंने तुरंत विनोद को सूचना दी। विनोद बाहर निकले तो वाहन गायब मिला। बाद में जांच में पता चला कि चोर ने रात 1.54 बजे वाहन चोरी कर ले गए। इसके बाद वह उसे बिलासपुर रोड स्थित अशोक सिंह के पेट्रोल पंप ले गया। वहां डीजल भरवाया। पेट्रोल पंप में लगे सीसीटीवी फुटेज में वाहन दिखाई नजर आया है। विनोद ने कवर्धा थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। लेकिन अभी तक अज्ञात चोर और वाहन का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इसी प्रकार जिले के कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुकदुर में गत 15 अप्रैल को अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान में दबिस देकर जेवरात तथा नगदी रकम पर हांथ साफ कर दिया। पीड़ित मकान मालिक के अनुसार अज्ञात चोरों ने नगदी रकम 10 हजार रुपए, चांदी का करधन 20 तोला, चांदी का छलबला 10 तोला, चांदी का पैरी 20 तोला पार कर दिया। घटना की जानकारी के बाद पीड़ित ने मामले की रपट कुकदुर थाना में दर्ज करा दी है लेकिन अभी तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।